# RAIDEEP INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off: C-193 A, Phase VI, Focal Point, Ludhiana Punjab-141010, Ph no. : +91-161-2676893, 9872972951, Website: www.raideepindustries.com, Email id: raitex3@gmail.com,
CIN: L18101PB1995PLC017415

**Date: 30.05.2022**

To,
The Head- Listing Compliance
**BSE Limited**
PhirozeJeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400001
**Security code: 540270**

To,
The Head Listing Compliance
**Calcutta Stock Exchange Limited**
7, Lyons Range, Dalhousie,
Murgighata, BBD Bagh,
Kolkata- 700001
**Scrip Code: 028396**

**Sub: Intimation under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015-Newspaper Publication**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulation, 2015 please find attached herewith Newspaper Advertisement w.r.t. Audited Standalone Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2022 as was approved at the Board meeting of the Company held on Saturday, 28th May, 2022 (commenced at 04:00 P.M. and concluded at 07:00 PM.), published in leading English Newspaper (Business Standard) and in Regional Language (Hindi) Newspaper (Business Standard Hindi Edition).

Kindly take the above information on your records.

**Thanking You,**
**For Raideep Industries Limited**

RAI SAHIB
Digitally signed by RAI SAHIB
Date: 2022.05.30 13:12:39 +05'30'

**(Rai Sahib)**
**Managing Director**
**DIN: 01582498**

**Place: Ludhiana**

# FRESHTROP FRUITS LIMITED

Reg Office: A 603, Shapath IV, S. G. Road, Ahmedabad - 380015
Tel: 079 40307050 | www.freshtrop.com | CIN: L15400GJ1992PLC018365

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31ST MARCH, 2022**

(Rs. in Lakhs)

| Particulars | Quarter ended 31 March 2022 (Audited) | Quarter ended 31 December 2021 (Un-Audited) | Quarter ended 31 March 2021 (Audited) | Year ended 31 March 2022 (Audited) | Year ended 31 March 2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 6,506.67 | 1,379.47 | 5,729.09 | 17,868.81 | 15,043.33 |
| Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 455.03 | (119.14) | 578.11 | 1,032.06 | 1,300.95 |
| Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 455.03 | (119.14) | 578.11 | 1,032.06 | 1,300.95 |
| Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 310.04 | (77.94) | 415.96 | 735.62 | 948.56 |
| Total Comprehensive Income for the period | 7.63 | 7.02 | 21.87 | 17.52 | (46.22) |
| Profit/Loss for the period after comprehensive income | 317.67 | (70.92) | 437.83 | 753.15 | 902.34 |
| Equity Share Capital | 1,068.80 | 1,068.80 | 1,092.28 | 1,068.80 | 1,092.28 |
| Earning Per Share (Of Rs. 10 each) (after extraordinary items) | | | | | |
| **Basic :** | 2.90 | (0.73) | 3.81 | 6.88 | 8.68 |
| **Diluted :** | 2.90 | (0.73) | 3.81 | 6.88 | 8.68 |

Capital Employed has not been identified with any of the reportable segments, as the assets used in the Company's business and the liabilities contracted are used inter changebly between segments.

**NOTE :** (1) The above results were reviewed by the audit Committee and were approved and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on May 28, 2022 (2) Revenue From Operations includes Export Incentives. (3) The Company has identified following segments as reportable segment in accordance with Ind AS-108 issued by the ICAI. Segment wise details are given to the extent possible. a) Fresh Fruits b) Food Processing (4) Previous Year's figures have been regrouped, reclassified wherever considered necessary.

**Date : 28-05-2022**
**Place : Ahmedabad**

**For & on behalf of the Board of Directors**
**Ashok Motiani | Managing Director**

# OLYMPIC OIL INDUSTRIES LTD

CIN :L15141MH1980PLC022912
Regd. Office : 709, C Wing, One BKC, Near Indian Oil Petrol Pump, G Block, BKC, Bandra (East), Mumbai - 400051
Email : olympicoilltd@gmail.com Website : www.olympicoil.co.in Tel : 022-6249 4444 Fax : 02226520906

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & YEAR ENDED MARCH 31, 2022**

**(₹ in Lakhs except EPS)**

| Particulars | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended on 31.03.2022 (Audited) | Quarter Ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 0.44 | 1.70 | 16.12 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (7.16) | (37.52) | 4.09 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (7.16) | (37.52) | 4.09 |
| Equity Share Capital | 285.40 | 285.40 | 285.40 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | (2429.68) | - |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each) | | | |
| Basic: | (0.25) | (1.00) | 0.14 |
| Diluted: | (0.25) | (1.00) | 0.14 |
| Earnings Per Share (After extraordinary items) (of Rs. 10/- each) | | | |
| Basic: | (0.25) | (1.00) | 0.14 |
| Diluted: | (0.25) | (1.00) | 0.14 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Annual Financial Results are available on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and on website of the Company at www.olympicoil.co.in.

**For Olympic Oil Industries Limited**
**Nipun Verma**
**Whole-time Direcror**
**DIN: 02923423**

**Place : Mumbai**
**Date: 28th May, 2022**

# CARE Ratings Limited

CareEdge RATINGS

CIN: L67190MH1993PLC071691
Regd. Office: Godrej Coliseum, 4th Floor, Somaiya Hospital Road, Off Eastern Express Highway, Sion (East), Mumbai 400022.
Tel. No.: 022-67543456 • Email: investor.relations@careedge.in
Website: www.careedge.in

**EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022**

(₹ in Lakhs except per share data)

| Sr. No. | Particulars | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | |
| | | 31.03.2022 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | | Audited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 6,588.13 | 7,958.65 | 24,763.28 | 24,844.68 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items#) | 2,739.49 | 3,443.76 | 9,863.02 | 11,864.70 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items#) | 2,739.49 | 3,443.76 | 9,863.02 | 11,864.70 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items#) | 2,330.93 | 2,648.73 | 7,682.91 | 9,096.57 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 3,175.94 | 2,771.43 | 8,466.38 | 9,313.04 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value : ₹ 10/- per share) | 2,964.65 | 2,946.12 | 2,964.65 | 2,946.12 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | 61,784.82 | 55,935.96 |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | |
| | a. Basic | 7.72 | 8.85 | 25.45 | 30.38 |
| | b. Diluted | 7.68 | 8.75 | 25.31 | 30.33 |

**EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2022**

(₹ in Lakhs except per share data)

| Sr. No. | Particulars | STANDALONE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | |
| | | 31.03.2022 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| | | Audited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 5,954.47 | 6,871.84 | 21,927.29 | 21,966.45 |
| 2 | Profit before Tax | 3,417.94 | 2,956.04 | 10,697.91 | 11,273.08 |
| 3 | Profit after Tax | 2,891.77 | 2,208.94 | 8,447.25 | 8,582.71 |

**Note:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results (Standalone & Consolidated) filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results (Standalone & Consolidated) are available on the websites of the Stock Exchanges (**www.bseindia.com**, **www.nseindia.com**) and the website of the Company: **www.careedge.in**.
2. The Board of Directors has recommended a final dividend of ₹ 10/- (Rupees Ten only) per equity share of face value of ₹ 10/- (Rupees Ten only) each for the Financial Year 2021-22.
3. The above results, have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meetings held on May 28, 2022 as per Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and have been subjected to limited review by the statutory auditors of the Company.
4. Previous year's figures have been regrouped/rearranged wherever necessary to make them comparable.
5. # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.

**For and behalf of the Board of Directors**
**CARE Ratings Limited**

Sd/-
**Ajay Mahajan**
Chief Executive Officer & Managing Director
(DIN: 05108777)

Date: May 28, 2022
Place: Mumbai

# RAIDEEP INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L18101PB1995PLC017415**
**Regd. Off:** C-193 A, Phase VI, Focal Point, Ludhiana Punjab-141010
**Ph No. :** +91-161-2676893
**Website:** www.raideepindustries.com, **Email id:** raitex3@gmail.com

**Extract of the Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Year Ended on March 31, 2022**
***(Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015***

(Amt. in lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 (Audited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2022 (Audited) | 31.03.2021 (Audited) |
| Total Income | 686.82 | 792.67 | 881.58 | 2079.30 | 2070.13 |
| Net Profit/(loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.34 | 5.94 | (185.73) | 22.22 | 21.05 |
| Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6.34 | 5.94 | (185.73) | 22.22 | 21.05 |
| Net Profit/(loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4.85 | 4.34 | (183.44) | 16.36 | 15.78 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 30.20 | 18.14 | (195.18) | 84.36 | 73.75 |
| Equity Share Capital | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 500.89 | 416.53 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| 1. Basic | 0.55 | 0.33 | (0.33) | 1.53 | 0.29 |
| 2. Diluted | 0.55 | 0.33 | (0.33) | 1.53 | 0.29 |

**Note:**

1. The information w.r.t. the Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year Ended March 31, 2022 are as follows:

(Amt. in lakhs)

| Particulars | 31.03.2022 (Quarterly) | 31.03.2022 (Yearly) |
|---|---|---|
| Turnover | 686.82 | 2079.30 |
| Profit before tax | 6.34 | 22.22 |
| Profit after tax | 4.48 | 16.36 |

2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Yearly Financial Results is available on the websites of the Stock Exchange **www.bseindia.com** and on the website of the Company at www.**raideepindustries.com**

**For Raideep Industries Limited**
**Sd/-**
**Rai Sahib**
**Managing Director**
**DIN: 01582498**

Date: 28.05.2022
Place: Ludhiana

TATA

# TATA CAPITAL HOUSING FINANCE LTD.

**Regd. Office: 11th Floor, Tower A, Peninsula Business Park, Ganpatrao Kadam Marg, Lower Parel, Mumbai-400013.**
**CIN No. U67190MH2008PLC187552**

## DEMAND NOTICE

**Under Section 13 (2) of the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 ("Act") read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 ("Rules").**

Whereas the undersigned being the Authorised Officer of Tata Capital Housing Finance Limited (TCHFL) under the Act and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) read with Rule 3 of the Rules already issued detailed Demand Notices dated below under Section 13(2) of the Act, calling upon the Borrower(s)/Co-Borrower(s)/Guarantor(s) (all singularly or together referred to "Obligors")/Legal Heir(s)/Legal Representative(s) listed hereunder, to pay the amounts mentioned in the respective Demand Notice/s, within 60 days from the date of the respective Notice/s, as per details given below. Copies of the said Notices are served by Registered Post A.D. and are available with the undersigned, and the said Obligor(s)/Legal Heir(s)/Legal Representative(s), may, if they so desire, collect the respective copy from the undersigned on any working day during normal office hours.
In connection with the above, Notice is hereby given, once again, to the said Obligor(s) /Legal Heir(s)/Legal Representative(s) to pay to TCHFL, within 60 days from the date of the respective Notice/s, the amounts indicated herein below against their respective names, together with further interest as detailed below from the respective dates mentioned below in column (d) till the date of payment and / or realisation, read with the loan agreement and other documents/writings, if any, executed by the said Obligor(s). As security for due repayment of the loan, the following Secured Asset(s) have been mortgaged to TCHFL by the said Obligor(s) respectively.

| Contract No. | Name of Obligor(s)/ Legal Heir(s)/Legal Representative(s) | Total Outstanding Dues (Rs.) as on below date* | Date of Demand Notice / Date of NPA |
|---|---|---|---|
| TCHHL0 36300010 0072235 | Mr. Ravinder Singh as (Borrower) and Mrs. Rupinder Kaur as (Co-Borrower) | As on 15/05/2022, an amount of Rs. 29,50,233/- (Rupees Twenty Nine Lakh Fifty Thousand Two Hundred Thirty Three Only) | 15-May-22 / 06-May-22 |
| **Description of the Secured Assets/Immovable Properties/ Mortgaged Properties :** All Piece & Parcels of Residential House on Plot No. 57 Min, Admeasuring 100 Sq. Yds., Comprised in Khasra No. 1092, Khata No. 121/125, As per Jamabandi 2010-2011, Situated at Dugri, Hadbast No. 277, Abadi Sant Enclave, Tehsil & District Ludhiana (Punjab), with all common amenities mentioned in sale deed. Boundaries: - East – Plot No. 57 Min (Side 50'), West – Plot No. 58 (Side 50'), North – Street 20' Wide (Side 18'), South – Plot No. 64 (Side 18'). | | | |
| 1048 4331 | Mr. Gagan Kumar Arora Alias Gagan Arora as (Borrower) and Mrs. Mrs. Sonia Alias Sonia Arora (Co-Borrower) | As on 18/05/2022, an amount of Rs. 12,72,003/- (Rupees Twelve Lakh Seventy Two Thousand Three Only) | 18-May-22 / 06-May-22 |
| **Description of the Secured Assets/Immovable Properties/ Mortgaged Properties :** All piece & parcels of Residential Ground Floor of Plot No. 78, Admeasuring 513.55 Sq. Feet (Covered Area) i.e. 0 Bigha – 0 Biswa – 12 Biswasi (12/13200 share out of total land 33 Bigha – 00 Biswa), 1/3 share comprising 30 Sq. Yds. of 90 Yds., Comprised In Khasra Nos. 130 (3-14), 131 (4-0), 132 (4-0), 133 (1-14), 134 (5-4), 135 (4-0), 136 (4-0), 137 (3-14), 138 (2-14), Khewat/Khatauni No. 1/1, Kitte 09, Hadbast No. 54, As per Jamabandi 2016-17. Situated at Village Kishanpura, Rehmat Homes, M.C. & Sub Tehsil Zirakpur, Tehsil Derabassi, District S.A.S. Nagar (Mohali), Punjab, with all common amenities mentioned in sale deed. | | | |
| TCHH F0363 00010 00699 83 & TCHH F0363 00010 00077 32 | Mr. Naib Singh as (Borrower) and Mrs. Amandeep Kaur & M/s Naib Singh Bareh Wood Works Through its Proprietoras (Co-Borrower) | As on 21/05/2022, an amount of Rs. 5,91,780/- (Rupees Five Lakh Ninety One Thousand Seven Hundred Eighty Only) is due and payable by you under Loan Account No. TCHHF0363000100069983 and an amount of Rs. 21,86,286/- (Rupees Twenty One Lakh Eighty Six Thousand Two Hundred Eighty Six Only) is due and payable by you under Loan Account No. TCHHF0363000100007732 i.e. totaling to Rs. 27,78,066/- (Rs. Twenty Seven Lakh Seventy Eight Thousand Sixty Six Only) | 21-May-22 / 05-Apr-22 |
| **Description of the Secured Assets/Immovable Properties/ Mortgaged Properties :** All piece & parcels of Residential Plot, Admeasuring 57.22 Sq. Yds., Comprised in Khata No. 314/329, Khasra No. 42//11, As per Jamabandi 2002-03, Situated at Preet Vihar, Near Tarsem Colony, Mauja Jassian, Near Sangam Palace Chowk, Hadbast No. 101, Tehsil & Distt. Ludhiana (Punjab, with all common amenities mentioned in sale deed. Boundaries: - North – Street 22' Wide (Side 13'), South – Seller (Side 26'), East – Seller (Side 35'-6"), West – Seller (Side 37' + Diversion 14') and thereafter Street 10' Wide (Side 04'). | | | |
| TCHHF 036300 010000 7922 | Mr. Naib Singh as (Borrower) and Mrs. Amandeep Kaur & M/s Naib Singh Bara Wood Works Through its Proprietor (Co-Borrower) | As on 21/05/2022, an amount of Rs. 14,60,998/- (Rupees Fourteen Lakh Sixty Thousand Nine Hundred Ninety Eight Only) | 21-May-22 / 05-Apr-22 |
| **Description of the Secured Assets/Immovable Properties/ Mortgaged Properties :** All piece & parcels of Residential Plot, Admeasuring 66 Sq. Yds, Comprised in Khasra No. 43//10/1/2/3/8/9, 10/2, Khata No. 51/61, 354/370, 362/378 – 1/55/393, As per Jamabandi 2022-2003, Situated at Village Jassian, Street No. 01, Sant Nagar, Near Sangam Palace, As per Sale Deed - Abadl Variyam Nagar, Prem Nagar, Hadbast No. 101, Tehsil & District Ludhiana (Punjab), with all common amenities mentioned in sale deed. Boundaries: - North – Neighbor 20', South – Street 20', East - Neighbor 30', West – Seller 30'. | | | |

*with further interest, additional Interest at the rate as more particularly stated in respective Demand Notice dated mentioned above, incidental expenses, costs, charges etc incurred till the date of payment and/or realization. If the said Obligor(s) shall fail to make payment to TCHFL as aforesaid, then TCHFL shall proceed against the above Secured Asset(s)/Immovable Property(ies) under Section 13(4) of the said Act and the applicable Rules entirely at the risk of the said Obligor(s)/Legal Heir(s)/Legal Representative(s) as to the costs and consequences.
The said Obligor(s)/Legal Heir(s)/Legal Representative(s) are prohibited under the said Act to transfer the aforesaid Secured Asset(s)/Immovable Property, whether by way of sale, lease or otherwise without the prior written consent of TCHFL. Any person who contravenes or abets contravention of the provisions of the Act or Rules made thereunder shall be liable for imprisonment and/or penalty as provided under the Act.

**Date:** 30/05/2022
**Place:** - Punjab

Sd/-Authorised Officer,
For Tata Capital Housing Finance Limited

## DEMAND NOTICE

Under Section 13(2) of the Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002 (the said Act.) read with Rule 3 (1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 (the said Rules). In exercise of powers conferred under Section 13(12) of the said Act read with Rule 3 of the said Rules, the Authorised Officer of IIFL Home Finance Ltd.(IIFL HFL) ( Formerly known as India Infoline Housing Finance Ltd.) has issued Demand Notices under section 13(2) of the said Act, calling upon the Borrower(s), to repay the amount mentioned in the respective Demand Notice(s) issued to them. In connection with above, notice is hereby given, once again, to the Borrower(s) to pay within 60 days from the publication of this notice, the amounts indicated herein below, together with further interest from the date(s) of Demand Notice till the date of payment. The detail of theBorrower(s), amount due as on date of Demand Notice and security offered towards repayment of loan amount are as under:-

| Name of the Borrower(s). /Guarantor (s) | Demand Notice Date & Amount | Description of secured asset (immovable property) |
|---|---|---|
| Mr. Niamudin, Mrs. Nasarin, Niamudin Catering Services **(Prospect No. IL10136805)** | **24-May-2022 Rs. 19,76,546/-** (Rupees Nineteen Lakh Seventy Six Thousand Five Hundred Forty Six Only) | All that piece and parcel of the property being : House no. 72-A ,Area Admeasuring 66.66 Sq.Yards,bearing Khewat/Khatoni No. 1024/1137 comprised under Khasra No. 65//16(7-8),situated at Shiva Enclave, Village Bhabhat, M.C. Zirakpur, Hadbast No. 234, M.C and Sub-Tehsil Zirakpur, Tehsil Derabassi, Distt. S.A.S. Nagar, Mohali,Punjab - 140506 |

If the said Borrowers fail to make payment to IIFL HFL as aforesaid, IIFL HFL may proceed against the above secured assets under Section 13(4) of the said Act, and the applicable Rules, entirely at the risks, costs and consequences of the Borrowers.For, further details please contact to Authorised Officer at Branch Office : IIFL HFL SCO no 2907-08, 2nd Floor, Adjacent to Karnataka Bank, Sector 22C, Chandigarh-160022/or Corporate Office : IIFL Tower, Plot No. 98, Udyog Vihar, Ph-IV Gurgaon, Haryana.

**Place: Chandigarh Date: 30.05.2022** **Sd/- Authorised Officer, For IIFL Home Finance Ltd**

## DEMAND NOTICE

Under Section 13(2) of the Securitisation And Reconstruction of Financial Assets And Enforcement of Security Interest Act, 2002 (the said Act.) read with Rule 3(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 (the said Rules). In exercise of powers conferred under Section 13(12) of the said Act read with Rule 3 of the said Rules, the **Authorised Officer of IIFL Home Finance Ltd. (IIFL HFL) (Formerly known as India Infoline Housing Finance Ltd.)** has issued Demand Notices under section 13(2) of the said Act, calling upon the Borrower(s), to repay the amount mentioned in the respective Demand Notice(s) issued to them. In connection with above, notice is hereby given, once again, to the Borrower(s) to pay within **60 days** from the publication of this notice, the amounts indicated herein below, together with further interest from the date(s) of Demand Notice till the date of payment. The detail of the Borrower(s), amount due as on date of Demand Notice and security offered towards repayment of loan amount are as under:

| Name of the Borrower(s)/ Guarantor (s) | Demand Notice Date & Amount | Description of secured asset (immovable property) |
|---|---|---|
| Mr. Ranjit Kumar, Mrs. Anupam Rani **( Prospect No 958916 )** | **25 - May - 2022 & Rs.16,84,261/-** (Rupees Sixteen Lakh Eighty Four Thousand Two Hundred Sixty One Only) | All that piece and parcel of the property being : Plot No. 27 28 28Min 29,Area Admeasuring 116.66 Sq,Yards,Street No.2, Basti Jodhewal, Jagirpur Road, Ludhiana, Nr Decent Public School, Ludhiana, 141001, Punjab, India. |
| Mr. Sonu, Mrs. Baljit Kaur **( Prospect No IL10113177 )** | **26 - May - 2022 & Rs.6,00,838/-** (Rupees Six Lakh Eight Hundred Thirty Eight Only) | All that piece and parcel of the property being: H.No.4/3, Admeasuring 142 Sq.Feet. Street No.2, Sarabha Nagar Nurpur Tehwa , Jalandhar, Punjab, India, 144001. |

If the said Borrowers fail to make payment to IIFL HFL as aforesaid, IIFL HFL may proceed against the above secured assets under Section 13(4) of the said Act, and the applicable Rules, entirely at the risks, costs and consequences of the Borrowers. For, further details please contact to Authorised Officer at **Branch Office: SCO 21, 5th Floor,Ludhiana Ferozgandhi Market, Ludhiana, Punjab – 141001** / or Corporate Office: IIFL Tower, Plot No.98, Udyog Vihar, Ph-IV Gurgaon, Haryana.

**Place: Punjab, Date: 30-05-2022** **Sd/- Authorised Officer, For IIFL Home Finance Ltd.**




WHAT'S ON **PAPER** MATTERS.

To book your copy, SMS **reachbs** to **57575** or email us at **order@bsmail.in**

Business Standard
Insight Out

bsindia bsindia business-standard.com

## संक्षेप में

### जेके टायर 1,100 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय करेगी

जेके टायर ऐंड इंडस्ट्रीज ने अगले वित्त वर्ष तक 1,100 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। कंपनी क्षमता विस्तार और मौजूदा अवसंरचना के नियमित रखरखाव में निवेश करना चाहती है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी संजीव अग्रवाल ने एक विश्लेषक चर्चा के दौरान कहा, वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कंपनी का कुल खर्च 1,100 करोड़ रुपये होगा जिसमें रखरखाव पर पूंजीगत खर्च करीब 300 करोड़ रुपये रहेगा। कुल पूंजीगत खर्च में से 530 करोड़ रुपये पैसेंजर कार रेडियल (पीसीआर) क्षमता विस्तार में तथा 236 करोड़ रुपये ट्रक बस रेडियल क्षमता विस्तार में किया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि क्षमता विस्तार से पीसीआर उत्पादन 35 फीसदी बढ़ जाएगा जो अभी करीब 90 लाख टायर प्रति वर्ष है। *भाषा*

### डीएलएफ इकाई की किराया आय बढ़ी

डीएलएफ की किराये पर संपत्तियां देने वाली इकाई डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लि. (डीसीसीडीएल) की किराया आमदनी बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 10 फीसदी बढ़कर 3,350 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी ने कहा है कि शॉपिंग मॉल कारोबार में सुधार से उसकी किराया आमदनी बढ़ी है। डीएलएफ की ज्यादातर किराये वाली वाणिज्यिक संपत्तियां डीसीसीडीएल के तहत ही आती हैं। डीसीसीडीएल डीएलएफ और सिंगापुर के सॉवरिन संपदा कोष जीआईसी का संयुक्त उद्यम है। इस संयुक्त उद्यम के पास 3.79 करोड़ वर्ग फुट का पोर्टफोलियो है। *भाषा*

# सतर्क बनी हुई हैं वाहन कंपनियां

## चिप किल्लत और जिंसों की ऊंची कीमत से चौथी तिमाही में आय पर पड़ी चोट

**शैली सेठ मोहिले**
मुंबई, 29 मई

वाहन कंपनियों की शुद्ध बिक्री और शुद्ध लाभ में मार्च में समाप्त तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 12 फीसदी व 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई क्योंकि चिप की किल्लत, कच्चे माल की कीमतों में तीव्र बढ़ोतरी और कुछ क्षेत्रों में मांग में नरमी के कारण मार्जिन पर असर पड़ा। वाहन निर्माताओं को लग रहा है कि मार्जिन पर दबाव बना रहेगा क्योंकि चिप की किल्लत का समाधान शायद ही जल्द होगा। महंगाई में लगातार हो रही बढ़ोतरी भी दबाव बनाए रखेगा।

टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक (यात्री वाहन) शैलेश चंद्रा ने 12 मई को नतीजे के बाद कहा था, यात्री वाहन बाजार में मजबूत मांग से उद्योग को वित्त वर्ष 23 में 34 लाख का आंकड़ा पार करने में मदद मिलेगी, जो आखिरी बार वित्त वर्ष 2019 में देखा गया था। लेकिन सेमीकंडक्टर को लेकर स्थिति अभी भी अनिश्चित है।

मारुति सुजूकी के मुख्य वित्त अधिकारी अजय सेठ ने ऐसी ही बात कही। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे की आपूर्ति की स्थिति ऐसी है, जिसका अनुमान लगाना कठित है, इसका वित्त वर्ष 22-23 में उत्पादन के वॉल्यूम पर कुछ असर दिख सकता है।

**महंगाई की मार**



- मार्च तिमाही के दौरान वाहन कंपनियों की शुद्ध बिक्री एवं शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 12 फीसदी व 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई
- वाहन निर्माताओं को लग रहा है कि मार्जिन पर दबाव बना रहेगा क्योंकि चिप की किल्लत का समाधान शायद ही जल्द होगा

अशोक लीलैंड, आयशर मोटर्स, एस्कॉर्ट्स, हीरो मोटोकॉर्प, एमऐंडएम, टाटा मोटर्स (एकल), मारुति सुजूकी, टीवीएस मोटर व बजाज ऑटो की शुद्ध बिक्री बढ़कर 1,05,383 हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 94,212 रही थी। कैपिटालाइन के आंकड़ों से पता चलता है कि तिमाही दर तिमाही के लिहाज से भी उसमें 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

वाहन कंपनियों का मार्जिन हालांकि तिमाही दर तिमाही मामूली सुधरा, लेकिन एक साल साल पहले की समान तिमाही के 15.9 फीसदी के मुकाबले घटकर 15 फीसदी रह गया।

रिलायंस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख मितुल शाह ने कहा, वाहन कंपनियों का सालाना व तिमाही आधार पर चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 22) में वॉल्यूम में शानदार प्रदर्शन रहा, जिसे सेमीकंडक्टर की आपूर्ति में सुधार से सहारा मिला।

ज्यादातर कंपनियों ने निवेशकों के साथ बैठक के दौरान जिंसों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को ऐसा कारक बताया, जो आगामी तिमाहियों में लाभ पर असर डाल सकती है। उदाहरण के लिए हॉट रोल्ड स्टील की कीमतें वित्त वर्ष 22 में करीब 92 फीसदी बढ़ी जबकि कोल्ड रोल्ड स्टील की कीमतों में 77 फीसदी का इजाफा हुआ।


हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य वित्त अधिकारी निरंजन गुप्ता ने मार्च तिमाही के नतीजे के बाद निवेशकों से बातचीत में कहा, उद्योग के लिए चिंता का विषय लागत में हो रही बढ़ोतरी है, जिसे भूराजनीतिक कारणों से बल मिला है। हीरो महंगाई के दबाव को कम करने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी, लागत में बचत आदि कदम उठाएगी।

स्टील बनाने में इस्तेमाल होने वाले कुछ कच्चे माल पर आयात शुल्क घटाने और निर्यात पर सरचार्ज से आने वाले समय में स्टील की कीमतें घट सकती हैं। इसे देखते हुए सीएलएसए जैसे ब्रोकरेज ने वाहन निर्माताओं के आय अनुमान में इजाफा किया है। हालांकि इसका असर तत्काल नहीं दिखेगा।

मोतीलाल ओसवाल के विश्लेषक जिनेश गांधी ने हालिया रिपोर्ट में कहा है, दोपहिया ने सुधार के शुरुआती संकेत देखे हैं। लेकिन कुल वॉल्यूम अभी भी संतोषजनक स्तर से काफी दूर है। ईंधन की कीमतों में गिरावट खुदरा मांगों को अभी बढ़ा नहीं पाया है। रबी की कटाई के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी प्रवाह कुछ हद तक मांग में सुधार कर रहा है। उन्होंने कहा, स्कूल-कॉलेज खुलने से सुधार को थोड़ा सहारा मिल सकता है।

# टाटा मोटर्स द्वारा फोर्ड संयंत्र के अधिग्रहण को मंजूरी

**विनय उमरजी और**
**शैली सेठ मोहिले**
अहमदाबाद/मुंबई, 29 मई



**प्रमुख** वाहन कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा फोर्ड इंडिया के साणंद स्थित यात्री कार विनिर्माण संयंत्र के अधिग्रहण को गुजरात सरकार के मंत्रिमंडल से हरी झंडी मिल गई है। इस संबंध में टाटा मोटर्स के प्रस्ताव पर राज्य मंत्रिमंडल ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा, 'मंत्रिमंडल ने इस अधिग्रहण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। अब इस मामले को आगे बढ़ाना कंपनियों के ऊपर निर्भर करता है।' अधिकारी के अनुसार, टाटा मोटर्स को भी उस संयंत्र के लिए वही प्रोत्साहन मिलता रहेगा जो फोर्ड इंडिया को मिल रहा था।

टाटा मोटर्स के एक सूत्र ने भी गुजरात मंत्रिमंडल से हरी झंडी मिलने की पुष्टि की है।

अब टाटा मोटर्स फोर्ड के साणंद संयंत्र में श्रमिक एवं वित्तीय समस्याएं निपटने के बाद फोर्ड मोटर कंपनी के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर सकती है। टाटा समूह फोर्ड इंडिया के संयंत्रों के अधिग्रहण के लिए गुजरात और तमिलनाडु सरकारों के साथ लगातार बातचीत कर रहा था। फोर्ड ने पिछले साल भारत से अपना कारोबार समेटने की घोषणा की थी।

फोर्ड के साणंद संयंत्र में करीब 2,500 स्थायी कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें करीब 900 यूनियन कर्मचारी शामिल हैं। यात्री कारों का उत्पादन बंद होने के बाद साणंद संयंत्र के कर्मचारियों को फोर्ड कारों के लिए कलपुर्जे एवं इंजन विनिर्माण में लगाया गया था।

हालांकि कंपनी ने कलपुर्जों के उत्पादन के लिए इस संयंत्र को बंद करने के लिए आंतरिक समय सीमा मार्च 2022 निर्धारित की थी। पिछले साल फोर्ड अपने दोनों संयंत्र में अनुबंध आधारित विनिर्माण के लिए कई कंपनियों के साथ बातचीत कर रही थी जिनमें ओला और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा शामिल थीं। लेकिन बातचीत विफल होने के बाद संयंत्रों को बंद करना पड़ा था।

# ओएनजीसी को 40,306 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ

**भाषा**
नई दिल्ली, 29 मई

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी ऑयल ऐंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बीते वित्त वर्ष (2021-22) में करीब 40,306 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। कच्चे तेल के उत्पादन पर ऊंची कीमत मिलने की वजह से ओएनजीसी रिकॉर्ड मुनाफा कमा पाई है। इस तरह अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद ओएनजीसी देश की दूसरी सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बन गई है।

ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष में उसका शुद्ध लाभ 258 फीसदी के उछाल के साथ 40,305.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष (2020-21) में कंपनी ने 11,246.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी को हर बैरल कच्चे तेल के उत्पादन और बिक्री पर 76.62 डॉलर की प्राप्ति हुई। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को हर बैरल कच्चे तेल के उत्पादन पर 42.78 डॉलर मिले थे। यह ओएनजीसी को कच्चे तेल के उत्पादन पर मिलने वाला सबसे ऊंचा दाम है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद 2021 के आखिर में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल आई और यह करीब 14 साल के उच्चस्तर 139 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए। हालांकि, 2008 में भी कच्चे तेल के दाम 147 डॉलर प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे थे, लेकिन उस समय ओएनजीसी को पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनियों को सब्सिडी उपलब्ध करानी पड़ी थी जिसकी वजह से उसकी प्राप्ति कम रही थी।

ओएनजीसी को बीते वित्त वर्ष में गैस के लिए 2.35 डॉलर प्रति इकाई (मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) का दाम मिला। वहीं 2021-22 में उसे गैस के लिए प्रति इकाई 2.09 डॉलर की कीमत मिली थी। इस साल अप्रैल में गैस के दाम बढ़कर 6.1 डॉलर प्रति इकाई पर पहुंच गए हैं। इसका प्रभाव कंपनी के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों में देखने को मिलेगा।

# प्रीमियम ब्रांड पर ध्यान केंद्रित करेगी यूनाइटेड स्पिरिट्स

**देव चटर्जी**
मुंबई, 29 मई

**शराब** बनाने वाली ब्रिटेन की कंपनी डियाजिओ की सहायक इकाई यूनाइटेड स्पिरिट्स भारत में बिक्री बढ़ाने के लिए अपने प्रीमियम ब्रांडों पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को कम कीमत वाले अपने 32 ब्रांडों को 820 करोड़ रुपये में इनब्रू बेवरिजेस को बेचने और बिगपाइपर एवं ब्लू रीबैंड सहित 12 अन्य ब्रांडों की फ्रैंचाइजी देने की घोषणा की।

कंपनी की शुद्ध बिक्री में उसके महंगे उत्पादों का योगदान इसी साल मार्च में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 72.5 फीसदी रहा। प्रेस्टीज ऐंड अबव नाम की इस श्रेणी ने 23.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जिसे मुख्य तौर पर देश भर में लॉकडाउन संबंधी पाबंधियों के खत्म होने से बल मिला।

विश्लेषकों का कहना है कि ब्लैक स्टालिन और हेवाड्र्स जैसे लोकप्रिय ब्रांड अब इनब्रू को बेच दिए गए हैं। इनकी कीमत 400 से 700 रुपये के दायरे में हैं और ये बाजार में निचली श्रेणी के उत्पाद हैं। एक विश्लेषक ने कहा, 'विजय माल्या से यूएसएल के अधिग्रहण के बाद से ही यूनाइटेड स्पिरिट्स भारत सरकार और माल्या के साथ विरासत संबंधी कई मुद्दों के साथ उलझी रही है। कंपनी ने एक साल पहले ब्रांड की समीक्षा शुरू की थी और उसके बाद अब इन ब्रांडों को बेचने का निर्णय लिया गया है।' कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022 में प्रीमियम ऐंड लक्जरी पोर्टफोलियो की रफ्तार प्रेस्टीज पोर्टफोलियो के मुकाबले तेज रही। इसे मुख्य तौर पर कंपनी द्वारा प्रीमियम पर जोर दिए जाने से बल मिला। स्कॉच पोर्टफोलियो के तहत जॉनी वॉकर, ब्लैक ऐंड व्हाइट, ब्लैक डॉग और जेऐंडबी ने दो अंकों में दमदार वृद्धि दर्ज की है।

इस लेनदेन में यूएसएल के मैकडॉवेल्स अथवा डायरेक्टर्स स्पेशल ब्रांड शामिल नहीं हैं। ये ब्रांड यूनाइटेड स्पिरिट्स के पास ही बरकरार रहेंगे।

वित्त वर्ष 2022 के लिए कंपनी ने 31,061 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ और 828 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। पिछले एक साल के दौरान कंपनी के मूल्यांकन को 13.3 फीसदी का झटका लगा है। शुक्रवार को कंपनी का बाजार पूंजीकरण 56,579 करोड़ रुपये था। इनब्रू बेवरिजेस को बेचे गए कंपनी के लोकप्रिय ब्रांडों का शुद्ध बिक्री में योगदान 26.2 फीसदी रहा। डियाजिओ ने 2012 में 2.1 अरब डॉलर के एक सौदे के तहत यूनाइटेड स्पिरिट्स का अधिग्रहण किया था।

**बीएस बातचीत**

# लाभप्रद साबित होंगे यूएसएल के ब्रांड

सिंगापुर की कंपनी इनब्रू होल्डिंग्स ने 820 करोड़ रुपये के एक सौदे के तहत यूनाइटेड स्पिरिट्स के 32 सस्ते ब्रांडों का अधिग्रहण किया है जिसमें हेवाड्र्स, ओल्ड टैवर्न, व्हाइट मिसचीफ, हनी बी, ग्रीन लेबल और रोमानोव शामिल हैं। इसके अलावा उसने 12 अन्य ब्रांडों के लिए पांच साल के लिए फ्रैंचाइजी समझौता किया है। इनब्रू होल्डिंग्स के चेयरमैन **रवि देओल** ने **शार्लीन डिसूजा** और **देव चटर्जी** से बातचीत में कंपनी की योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पेश हैं मुख्य अंश:



**यूनाइटेड स्पिरिट्स के लोकप्रिय ब्रांडों को खरीदकर आप शराब कारोबार में दस्तक दे रहे हैं। ऐसा क्यों?**

यूनाइटेड स्पिरिट्स की स्वामित्व वाली कंपनी डियाजिओ यूएसएल के प्रीमियम ब्रांडों की बिक्री जारी रखेगी। खास तौर पर वह भारत में अपने वैश्विक ब्रांडों की बिक्री बरकरार रखेगी। बहुराष्ट्रीय कंपनी के लागत ढांचे को देखते हुए भारत के कम मार्जिन वाले शराब बाजार में अधिक बिक्री वाले उत्पादों को बरकरार रखना उनके लिए कठिन था। जबकि उद्यमियों द्वारा संचालित हमारे जैसी कंपनी के पैर जमीन पर हैं और हम वितरण एवं निष्पादन के मोर्चे पर अपनी कुशलता के कारण बेहतर कर सकते हैं। यूनाइटेड स्पिरिट्स के मुनाफे में इन ब्रांडों का योगदान करीब 25 फीसदी था जबकि उसकी कुल मात्रात्मक बिक्री में योगदान लगभग 40 फीसदी था। ये ब्रांड हमारे लिए काफी लाभप्रद साबित होंगे।

**इस सौदे के तहत हासिल ब्रांड कितने बड़े हैं?**

हमने जिन ब्रांडों का अधिग्रहण किया है उनमें से छह ब्रांडों की बिक्री लाखों पेटी की है। वास्तव में हेवाड्र्स की बिक्री 1.25 करोड़ पेटी है। यह कुल मिलाकर 3.5 करोड़ पेटी का कारोबार है। इसलिए यह देश का दूसरा सबसे बड़ा बीयर ब्रांड है। डियाजिओ (यूनाइटेड स्पिरिट्स) अभी भी भारत में सबसे बड़ी कंपनी है जो 4 से 4.3 करोड़ पेटियों की बिक्री करती है।

**अधिग्रहण के बाद शराब कारोबार के लिए आपकी क्या रणनीति होगी?**

हम वास्तव में एक व्यापक बेवरिजेस प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहेंगे। बेवरिजेस की खपत में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। भारत अब भी मुख्यधारा का बाजार बरकरार है चाहे स्ट्रॉन्ग बीयर हो अथवा डार्क स्पिरिट्स। लेकिन आगे चलकर उसमें महत्त्वपूर्ण बदलाव आने वाला है। हम भारत में मौजूद ऐसी एकमात्र कंपनी हैं जो बीयर और शराब दोनों श्रेणियों में कारोबार करती है। जबकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां बीयर और शराब में से किसी एक कारोबार पर ही ध्यान केंद्रित करती हैं। बेवरिजेस श्रेणी में वैश्विक कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम करने के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। हमें कम कैलोरी वाले अल्कोहल, बीयर, सेल्टजर, टॉनिक आदि वैकल्पिक बेवरिजेस श्रेणियों में काफी संभावनाएं दिख रही हैं। हमारा वितरण नेटवर्क काफी विस्तृत है और हमारा कारोबार 4 करोड़ से अधिक पेटियों का है।

**क्या आप और अधिग्रहण करने की तैयारी कर रहे हैं?**

बुटीक ब्रांडों को खरीदकर उसे सुदृढ़ करने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन यदि कोई उपयुक्त ब्रांड दिखा तो उस पर विचार किया जा सकता है। हम एक युवा देश हैं जहां घर के बाहर खपत अभी भी काफी कम है और वह हमारे लिए एक बड़ा अवसर है। हम इन दोनों कारोबार के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उत्तरी बाजार में हमारी मजबूत उपस्थिति है और हमने डियाजिओ से जिस कारोबार का अधिग्रहण किया है वह दक्षिण भारत में मजबूत स्थिति में है।

**भारत में आपकी कितनी विनिर्माण इकाइयां होंगी?**

स्पिरिट्स ऐंड डिस्टिलेरीज में पांच और ब्रुअरीज में हमारी चार विनिर्माण इकाइयां होंगी। चालू वित्त वर्ष के अंत तक हमारा शराब कारोबार 9,000 करोड़ रुपये का होगा।

**उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक**
*आपकी उम्मीद का खाता*

**सार्वजनिक सूचना**

**नकल करने वालों / धोखेबाजों से सावधान**

हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ धोखेबाज/अपराधी तत्व/नकल करने वाले **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** के प्रतिनिधि के रूप में खुद को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और सस्ती दरों पर ऋण के माध्यम से प्रलोभन दे रहे हैं। वे जनता के सदस्यों को इस उद्देश्य के लिए **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** के साथ खोले गए बैंक खाते में प्रसंस्करण शुल्क, स्टेम्प ड्यूटी शुल्क और किसी भी अन्य शुल्क जमा करने की सलाह देते हैं। हम जनता के सदस्यों को इस तरह के किसी भी नकली संचार / गलत बयानी से अवगत होने और ऐसे किसी भी प्रस्ताव / प्रस्तावों पर विचार करने से बचने के लिए सावधान करते हैं। यह भी देखा गया है कि ये व्यक्ति/संस्थाएं **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के लोगो (जैसा कि ऊपर शीर्ष लेख में दिखाया गया है)** का अवैध रूप से उपयोग कर रहे हैं। जबकि बैंक ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहा है, जनता के सदस्यों को इस तरह के भ्रामक प्रस्तावों के शिकार न होने की सलाह दी जाती है।
किसी भी सहायता/स्पष्टीकरण के लिए आप **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहक सेवा से 1800 123 9878/1800 208 1788** पर संपर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें कि **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** ऐसे धोखेबाजों / आपराधिक तत्वों के गलत बयानी / कृत्यों के कारण किसी भी ग्राहक / जनता के सदस्यों को हुए किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

**बिज़नेस स्टैंडर्ड**
चंडीगढ़ संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं-22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज़-II, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकुला-134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा, चंडीगढ़-160101 से प्रकाशित**
**संपादकः कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
कोई हवाई अधिभार नहीं

**रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**CIN: L18101PB1995PLC017415**
**पंजी. कार्यालय : सी-193 ए, फेज-6, फोकल पॉइंट, लुधियाना, पंजाब-141010**
**फोन नंबर :** +91-161-2676893
**वेबसाइट:** www.raideepindustries.com, **ई-मेल आईडी:** raitex3@gmail.com

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**
*[सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 का विनियम 47(1)(ख)]*

(रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 (लेखापरीक्षित) |
| कुल आय | 686.82 | 792.67 | 881.58 | 2079.30 | 2070.13 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 6.34 | 5.94 | (185.73) | 22.22 | 21.05 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 6.34 | 5.94 | (185.73) | 22.22 | 21.05 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 4.85 | 4.34 | (183.44) | 16.36 | 15.78 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 30.20 | 18.14 | (195.18) | 84.36 | 73.75 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 | 550.80 |
| संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | 500.89 | 416.53 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – | | | | | |
| 1. मूल | 0.55 | 0.33 | (0.33) | 1.53 | 0.29 |
| 2. तनुकृत | 0.55 | 0.33 | (0.33) | 1.53 | 0.29 |

**नोट :**
1. 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के संबंध में सूचना निम्नानुसार हैं :

(रू. लाख में)

| विवरण | 31.03.2022 (त्रयमासिक) | 31.03.2022 (वार्षिक) |
|---|---|---|
| टर्नओवर | 686.82 | 2079.30 |
| कर पूर्व लाभ | 6.34 | 22.22 |
| कर पश्चात लाभ | 4.48 | 16.36 |

2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट **www.bseindia.com** तथा कम्पनी की वेबसाइट **www.raideepindustries.com** पर उपलब्ध है।

**वास्ते रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(राय साहिब)**
**प्रबंध निदेशक**
**DIN: 01582498**

तिथि : 28.05.2022
स्थान : लुधियाना

# नई नीति से कागज फर्मों में खरीदारी

**लवीशा दराड़**
नई दिल्ली, 29 मई



**कागज** बनाने वाली कंपनियों के शेयरों की शुक्रवार को मांग देखने को मिली जब सरकार ने कागज के आयात पर जांच-परख में बढ़ोतरी कर दी। वेस्ट कोस्ट पेपर, जेके पेपर, स्टार पेपर मिल्स, आंध्र पेपर और ओरिएंट पेपर के शेयर बीएसई पर 0.8 फीसदी से लेकर 3.6 फीसदी तक चढ़ गए।

पेपर मैटीरियल की अवैध डंपिंग पर लगाम कसने के लिए सरकार ने पेपर मॉनिटरिंग सिस्टम (पीआईएम) के तहत अनिवार्य पंजीकरण के लिए आयात नीति में संशोधन किया है। इसके तहत आयातक को कागज के आयात की अग्रिम जानकारी देनी होगी और पंजीकरण संख्या लेनी होगी। आयातक अपने कंसाइनमेंट के आगमन की संभावित तारीख से पांच दिन पहले पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे, वहीं स्वत: पंजीकरण संख्या 75 दिन के लिए वैध रहेगी।

> विश्लेषकों ने कहा, पीआईएम के तहत अनिवार्य पंजीकरण मध्यम व लंबी अवधि के लिहाज से सकारात्मक

विश्लेषकों का मानना है कि एंटी-डंपिंग को रोकने के लिए सरकार का कदम देसी कागज कंपनियों के लिए काफी कारगर होगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, देसी कागज उद्योग डंपिंग पर अपनी चिंता जाहिर करता रहा है और यह कदम इस क्षेत्र को काफी राहत देगा। यह ऐसे समय में हो रहा है जब पेपर मिलों ने कच्चे माल की बढ़ती लागतों के असर को तटस्थ बनाने के लिए कीमतें बढ़ाई है।

सरकार ने 201 तरह के कागज व पेपर बोर्ड मसलन ग्लेज्ड न्यूजप्रिंट, हैंडमेड पेपर, टिशू पेपर और कार्बन पेपर के लिए आयात पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है।

विश्लेषकों को उम्मीद है कि अग्रणी कागज कंपनियां मसलन वेस्ट कोस्ट पेपर और जेके पेपर को नई आयात नीति से फायदा होगा। उनका तर्क है कि देसी उत्पादन बढ़ेगा और ज्यादा पेपर वॉल्यूम के निर्यात को मजबूत बनाएगा।

आईडीबीआई कैपिटल की विश्लेषक अर्चना दुआ ने कहा, कागज आयात के लिए अनिवार्य पंजीकरण पूरे देसी कागज उद्योग के लिए अवधारणा के लिहाज से सकारात्मक है। नई आयात नीति बड़ी फर्मों मसलन जेके पेपर, वेस्ट कोस्ट पेपर को ज्यादा निर्यात के लिए प्रोत्साहित करेगा क्योंकि उसके पास छोटी कंपनियों के मुकाबले ज्यादा उत्पादन क्षमता है, जो लो ग्रेड वाले पेपर के लिए आयात पर आश्रित हैं।

रिपोर्ट से पता चलता है कि पेपर व पेपर बोर्ड का निर्यात 2021-22 में करीब 80 फीसदी उछलकर 13,963 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वॉल्यूम के लिहाज से कागज निर्यात पिछले पांच साल में चार गुना बढ़कर 28.5 लाख टन पर पहुंच गया है।